FIRST YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION-2023

PART – II

HINDI | **TIME: 2.30 Hrs.**

Maximum Scores : 80 | **Cool of Time: 15 Minutes**

सामान्य निर्देशः

- लेखन समय के अलावा यहाँ 15 मिनट को ''कूल आँफ टाइम'' है ।
- प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए ''कूल आँफ टाइम'' का प्रयोग करे ।
- उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढें
- निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न के उत्तर लिखें ।
- प्रश्नों से

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्टक से चुनकर लिखें 1x5=5

1. ''अनुताप'' किसकी रचना है ?
   (सुकेश साहनी, जयशंकर प्रसाद, चित्रा मुदगल)
2. 'छोटी-सी कुटिया मैं रच दूं '- 'कुटिया' का समानार्थी शब्द क्या है ?
   (घोंसला, घर, झोंपडी)
3. बच्चा बिस्कुट कुतरते हुए कहाँ बेठता है ?
   (घर में, पत्थर की बेंच पर, स्कूल में)
4. महिला यात्री रेलगाडी से क्या फेंक रही थी ?
   (पत्थर, कागज़, फलों और फूलों के बीज)
5. नया दारोगा कौन है ?
   (मैकू, इब्राहिम अली, बीरबल सिंह)

सूचना : कवितांश पढें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

'इस पत्थर की बेंच के लिए भी
शुरू हो सकता है किसी दिन
हत्याओं का सिलसिला
इसे उखाड़ कर ले जाया
अथवा तोड़ा भी जा सकता है
पता नहीं सबसे पहले कौन आसीन हुआ होगा
इस पत्थर की बेंच पर ।

6. समानार्थी शब्द कविता से चूनकर लिखें ।
(परंपरा, बैठना) (2)

7. पत्थर की बेंच के लिए क्या शुरु हो सकता है ? (2)

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखिए । (6)

सूचना : 9 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें ।

9. 'उसे शाक-सा लगा'-किसे ? क्यों ? (2)

10. कबीर की राय में सच्चा शूर कैसे बनता है ? (2)

11. बैंक का क्लर्क क्यों खुश हुआ ? (2)

12. इब्राहिम अली की राय में स्वराज्य सूर्य का उदय कब होगा ? (2)

सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।

13. **जीवन वृत्त पढें और अनुच्छेद लिखें**

नाम	:	पवन करण
जन्म	:	18 जून 1964
जन्म स्थान	:	ग्वालियर, मध्यप्रदेश
रचनाएँ	:	इस तरह में, स्त्री मेरे भीतर

(4)

14. बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय । जो दिल खोजौं आपना,
मुझ-सा बुरा न कोय ।।-दोहा पढें और भावार्थ लिखें । (4)

15. 'अपराध' कहानी के आधार पर बडे भाई के चरित्र पर टिप्पणी लिखें । (4)

16. तुम्हें कहना नहीं आता
कहने क्यों चले आए
पहले कहना सीखो
फिर अपनी बात कहना - कवितांश पर अपना मत प्रकट करें । (4)

सूचना : गद्यांश पढें और 17 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

एक वृद्ध संभ्रांत महिला रेलगाड़ी से सफर कर रही थी । वे खिड़की के पास बैठकर, बीच-बीच में, अपनी मुट्ठी से कुछ चीज़ बाहर फेंकती जा रही थीं । एक सहयात्री ने जो यह देख रहा था, पूछा, ''यह आप क्या कर रही हैं ?'' उस महिला ने जवाब दिया, ''ये सुन्दर फलों और फूलों के बीज हैं । मैं इन्हें इस उम्मीद से फेंक रही हूँ कि इनमें से कुछ भी अगर जड़ पकड लेंगे तो लोगों का इससे कुछ फायदा होगा ।

पता नहीं मैं इस रास्ते से फिर गुजरूँ या न गुजरूँ, इसलिए क्यों न मैं इस संधि का उपयोग कर लूँ ? ''

17. 'इसलिए मैं इस संधि का उपयोग कर लूँ - संधि क्या है ? (2)

18. गद्यांश का संक्षेपण करें और शीर्षक लिखें । (7)

सूचना : 19 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।

19. अंग्रेज़ी संवाद का हिन्दी में अनुवाद करें ।

Anu	:	Hi Meenu, Why are you looking so gloomy ?
Meenu	:	I am worried about my exam.
Anu	:	What about your preparation for the exam ?
Meenu	:	I am weak in Maths
Anu	:	Don't worry, you have to spend more time for maths
Meena	:	Thank You

(Preparation - तैयारी, Gloomy - उदास
worried - चिंतित, weak - कमज़ोर) (6)

20. बालश्रम विरोधी एक पोस्टर तैयार करें । (6)

21. 'मैं इस जीवन में दुख ही देखने को पैदा हुई हूँ । . . .
दिलीप ने आगे न पढ़ा, पत्र फाड़कर फेंक दिया । हेमा का दिलीप के नाम का वह पत्र कल्पना करके लिखें । (6)

22. असलम की मृत्यु की खबर सुनकर यात्री बहुत दुखी हुए । घर पहूँचकर यात्री अपनी पत्नी से इसके बारें में बातें करता है । वह बातचीत तैयार कीजिए । (6)

- रोज़ की तरह दफ्तर की यात्रा
- मृत्यु की खबर सुनना
- अपने व्यवहार से उत्पन्न पश्चाताप

23. सही मिलान करें ।

Public	-	गोपनीयता
Save	-	अंतर्जाल
Sign out	-	बहिर्पात
Symbol	-	प्रक्रम
Programme	-	सार्वजनिक
Internet	-	सहेजें

Output	-	प्रस्थान
Privacy	-	संकेत

(8)

सूचना : 24 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें ।

24. किसी मनपसन्द फिल्म की समीक्षा लिखें ।
    - कथा सार
    - निदेशक की भूमिका
    - पात्रों का अभिनय
    - समग्रता (8)

25. आपके शाहर में बार-बार बिजली चली जा रही है ।
    अधिकारियों के सामने कई बार शिकायतें की गयी हैं । पर कोई फायदा नहीं हुआ । जल्द ही जल्द इसपर कार्रवाई करने की ज़रूरत है । इस विषय पर अभियंता, बिजली परिवहन कार्यालय के नाम पर एक सूचना अधिकार पत्र तैयार करें । (8)

26. एक नया कंप्युटर बेचनेवाला है। इसकी बिक्री के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।
    - उच्च गति
    - मल्टी - टास्किंग
    - विविधता
    - गोपनीयता (8)

27. समाज-निर्माण में छात्रों का योगदान-विषय पर एक लेख लिखें।
    - अनुशासन
    - अच्छा नागरिक
    - कर्तव्य बोध
    - समाज कल्याण
    - उपसंहार (8)